पंचम स्मार पत्र

पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)– 463/21 के0-1303

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।
(अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, समस्तीपुर एवं गोपालगंज को छोड़कर),

पटना, दिनांक : 30 / 10 / 2023

**विषयः–वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का सह–परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किये जाने के उपरान्त अवार्डशीट एवं मार्क्स फवॉयल में अंकों की प्रविष्टि हेतु मूल्यांकन केन्द्र पर आवश्यक संख्या में M.P.P (Marks Posting Personnel) की प्रतिनियुक्ति हेतु M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः**–समिति कार्यालय पत्रांक–(i) केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1192, दिनांक 15.09.2023,
(ii) केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1240, दिनांक 03.10.2023
(iii) केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1275, दिनांक 13.10.2023 एवं
(iv) केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1281, दिनांक 26.10.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया निदेश करें। इन पत्रों के द्वारा आपके जिला से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकनोपरांत अवार्ड शीट एवं मार्क्स फवॉयल में अंकों की प्रविष्टि कराने हेतु जितनी संख्या में M.P.P की सूची प्राप्त हुई थी, उसे समिति के वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in/teach.biharboardonline.com पर अपलोड कर यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलबध कराते हुए न्यूनत्तम उतनी ही संख्या में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए उक्त बेवसाईट पर दिनांक 27.09.2023 तक M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने हेतु समिति के पत्रांक–केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1192, दिनांक 15.09.2023 द्वारा अनुरोध किया गया है।

2. पुनः समिति के पत्रांक–केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1240, दिनांक 03.10.2023 द्वारा दिनांक 12.10.2023 तक तथा समिति के पत्रांक–केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1275, दिनांक 13.10.2023 एवं केन्द्रीय(मा०)–463/21–के0–1281, दिनांक 26.10.2023 द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक समिति के वेबसाइट पर M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने हेतु स्मारित भी किया जा चुका है।

3. विदित हो कि कंडिका–1 एवं 2 में वर्णित निदेश के बावजूद अधियाचित M.P.P की सूची पूर्ण रूप से अद्यतन नहीं करायी गयी है। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि मुंगेर, शेखपुरा, बांका, सुपौल, पटना, भोजपुर, रोहतास, गया, जहानाबाद एवं सारण जिले के द्वारा यह कार्य प्रारंभ भी नहीं किया गया है।

4. उल्लेखनीय है कि बार–बार अनुरोध के बावजूद आपके जिला से अभी तक M.P.P की पूर्ण सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपलोड नहीं की गई अथवा आवश्यकता से कम किया गया है, जो वांछनीय नहीं है। स्पष्ट किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के ससमय तैयारी हेतु उक्त सूची को ससमय अद्यतन/अपलोड किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए इस कार्य के लिए आपके स्तर पर अविलम्ब कार्रवाई अपेक्षित है।

5. वर्णित परिदृश्य में पुनः स्मारित करते हुए अनुरोध है कि विषयांकित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए **दिनांक 10.11.2023 तक** M.P.P की सूची समिति के वेबसाइट पर अद्यतन/अपलोड कराने हेतु अंतिम रूप अवधि विस्तार किया जाता है। अनुरोध है कि उक्त तिथि तक समिति के वेबसाईट पर M.P.P की सूची ऑनलाइन अनिवार्य रूप से अद्यतन/अपडेट कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन

30/10/23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

30/10/23 30/10/23

Letter C1_23_749

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–463/21 2020-1303 /पटना, दिनांक : 30 / 10 /2023

Letter C1_23_750